सत्यमेव जयते
नथमल डिडेल
आईएएस
निदेशक

माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर-334001
0151-2522238 (का.) 2200222 (नि.)
फैक्स : 0151-2201861
E-mail : commsecedu@yahoo.com

अ.शा. पत्रांक शिविरा/माध्य/एसईक्यूआई/2018/55 दिनांक : 31/01/18

प्रिय जिला शिक्षा अधिकारी जी,

मैं आपका ध्यान इस विभाग के पत्रांक शिविरा/माध्य/एसईक्यूआई/एनएएस/2018/52 दिनांक 24.1.18 की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। जिसके तहत राज्य में 5 फरवरी 2018 को आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेन्ट सर्वे(एनएएस) साईकिल–2 परीक्षा की तैयारी के सम्बधं में निर्देश प्रदान किये गये थे। उक्त परीक्षा कक्षा 10 के विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का परीक्षण किये जाने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली (NCERT) द्वारा आयोजित की जायेगी। आशा करता हूं कि आप उक्त परीक्षा के लिये अपने जिले के चयनित विद्यालयों की अच्छे से मोनिटरिंग कर रहे होगें।

उक्त परीक्षा से सम्बधिंत प्रश्न बैंक/मॉडल पेपर शाला दर्पण पर उपलब्ध करवाए जा चुके है। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को उक्त परीक्षा की प्रभावी तैयारी कराये जाने के साथ OMR Sheet उपयोग करने का भी प्रतिदिन अभ्यास करावें। उक्त परीक्षा में यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दिन सभी परीक्षार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहें, साथ ही सभी विद्यार्थियों का आधार नामांकन अनिवार्य रूप से अद्यतन कराया जावें।

मैं आशा करता हूं कि कक्षा 10 के लिये होने जा रहे सर्वे में अथक प्रयास करते हुए श्रेष्ठ परिणाम देने में कामयाब होगें। इससे शैक्षिक गुणवत्ता में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की उज्ज्वल छवि बनेगी।

सादर।

शुभकामनाएँ,

(नथमल डिडेल)

समस्त जि.शि.अ.(माध्यमिक)
शिक्षा विभाग राजस्थान

www.rajteachers.com